अनुक्रमांक ..... समय : 1.00 घण्टा

नाम ..... पूर्णांक : 25

प्रश्न-पुस्तिका
द्वितीय सेमेस्टर – 2025
(गणित)

निर्देश :

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. यदि किसी त्रिभुज में दो कोण असमान हों, तो छोटे कोण के सामने की भुजा होती है— **(1)**

(A) बड़ी (B) बराबर

(C) छोटी (D) विपरीत

2. योग का तत्समक अवयव है— **(1)**

(A) -1 (B) 1

(C) 0 (D) 0.4

3. 5xy 2 में x का गुणांक बताइए— **(1)**

(A) 5 (B) 5y 2

(C) 5y (D) 5x

4. किसी पूर्णांक का योगात्मक प्रतिलोम ज्ञात करने के लिए उसमें गुणा किया जाता है— **(1)**

(A) शून्य से (B) 1 से

(C) -1 से (D) उसी पूर्णांक से

5. परिमेय संख्याओं 6/-5, -7/6 और -7/-6 में कौन बड़ी है? **(1)**

(A) 6/-5 (B) -7/6

(C) -7/-6 (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

6. 1 घन मीटर को घन सेमी में परिवर्तित कीजिए। **(1)**

7. 25 सेमी भुजा वाले वर्ग से 5 सेमी भुजा वाले कितने वर्ग काटे जा सकते हैं? **(1)**

8. निम्नलिखित आँकड़ों में टैली चिह्न लगाकर संख्याओं की बारम्बारता ज्ञात कीजिए— **(1)**

9. व्यंजक 5x **(1)**

10. परिमेय संख्या की परिभाषा लिखिए। **(1)**

11. a **(1)**

लघु उत्तरीय प्रश्न

12. एक समबाहु त्रिभुज का परिमाप 18 सेमी है। इसका क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। **(2)**

13. एक भिन्न का हर उसके अंश से 1 अधिक है। अंश तथा हर दोनों में से 1 घटाने पर भिन्न का मान 1/2 हो जाता है। भिन्न ज्ञात कीजिए। **(2)**

14. यदि x + 1/x = 3 हो, तो x **(2)**

15. एक घनाभ की लम्बाई 80 सेमी, चौड़ाई 40 सेमी तथा ऊँचाई 1 मीटर 20 सेमी है। घनाभ का आयतन घन मीटर में ज्ञात कीजिए। **(2)**

16. 4, 11, 16, 15, 12, 5, 7, 9, 10 की माध्यिका ज्ञात कीजिए। **(2)**

17. यदि ΔABC और ΔPQR में AB = 3.5 सेमी, BC = 7.1 सेमी, AC = 5 सेमी, PQ = 7.1 सेमी, QR = 5 सेमी तथा PR = 3.5 सेमी हों, तो त्रिभुजों की सर्वांगसमता का परीक्षण कीजिए। **(2)**

18. एक 5 मीटर × 2 मीटर आयताकार पेंदे वाले हौज में 1.5 मीटर की ऊँचाई तक पानी भरा है। ज्ञात कीजिए कि हौज में कितने लीटर पानी भरा है? **(2)**

UPDELEDSTUDY.IN

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-2/ganit/2025

2. गणित का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-2/ganit/

3. गणित के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-2/ganit/

हमसे जुड़ें

Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN